जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक: एफ/प्रशा/स्था/2018/ 506 **दिनांक 23.06.18**

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/
विश्वविद्यालय अध्ययनशालाऐं,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

विषय:- सेमेस्टर अन्तराल (ब्रेक) अवधि में रोके गये शिक्षकों की सूचना भेजने बावत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी सत्र 2017-18 के लिये अकादमिक कैलेण्डर अनुसार दिनांक 15.12.2017 से 23.12.2017 (कुल-09 दिवस) एवं दिनांक 28.05.2018 से 15.06.2018 (कुल-19 दिवस) तक शिक्षकों के लिये सेमेस्टर अन्तराल (ब्रेक) घोषित किया गया है । अतः उक्त सेमेस्टर अन्तराल (ब्रेक) अवधि में जिन शिक्षकों को परीक्षा कार्य व अन्य अकादमिक कार्य से रोका गया हो, उन शिक्षकों की सूची (कुल दिवस सहित) विभागध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक के माध्यम से आवश्यक रूप से दिनांक 02-07-18 तक प्रशासन विभाग में भिजवाना सुनिश्चित करें । जिससे समस्त शिक्षकों के सत्र 2017-18 हेतु अर्जित अवकश की गणना की जा सके ।

विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक स्वयं एवं विभाग के अन्य शिक्षकों ने यदि सेमेस्टर अन्तराल (ब्रेक) का उपभोग किया है तो उसकी जानकारी भी आवश्यक रूप से अवकाश प्रार्थना-पत्रों के साथ भेजें ।

संलग्नः- अकादमिक कैलेण्डर वर्ष 2017-18

कुलसचिव

प्रतिलिपि:-

1. उप-कुलसचिव (प्रशासन), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

उप-कुलसचिव (प्रशासन)

अकादमिक कैलेंडर सत्र 2017–18

(सेमेस्टर कक्षाओं के लिए प्रभावशील)

अकादमिक कार्य	तृतीय / पंचम सेमेस्टर	चतुर्थ / षष्ठ सेमेस्टर
आरंभिक कक्षाएं / शून्य कक्षाएं / स्वाट विश्लेषण	01 जुलाई से 08 जुलाई 2017 (07 कार्य दिवस)	26 दिसम्बर 2017 (01 कार्य दिवस)
शैक्षणिक एवं सतत् समग्र मूल्यांकन कार्य	10 जुलाई से 02 नवम्बर, 2017 (93 कार्य दिवस)	27 दिसम्बर 2017 से 18 अप्रैल 2018 (92 कार्य दिदस)
सी.सी. ई. कार्य	सितम्बर तृतीय सप्ताह	मार्च द्वितीय सप्ताह
प्रायोगिक परीक्षाएँ (स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएं)	23 अक्टूबर से 09 नवम्बर 2017 के मध्य	02 अप्रैल से 18 अप्रैल 2018 के मध्य
परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश	02 नवम्बर से 09 नवम्बर 2017 (कुल 07 कार्य दिवस)	19 अप्रैल से 21 अप्रैल 2018 (कुल 03 दिवस)
सेमेस्टर एवं एटीकेटी परीक्षा	10 नवम्बर से 14 दिसम्बर 2017	23 अप्रैल से 26 मई 2018
परीक्षा परिणामों की घोषणा	31 दिसम्बर 2017 तक	15 जून 2018 तक
सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) विद्यार्थियों के लिए	15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2017 (09 दिवस)	28 मई से 30 जून 2018 (34 दिवस)
सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) शिक्षकों के लिए	15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2017 (09 दिवस)	28 मई से 15 जून 2018 (19 दिवस)

- छात्रसंघ गठन : अगस्त / सितम्बर 2017
- खेलकूद / युवा उत्सव / अन्य गतिविधियॉ (एक सप्ताह) : माह अक्टूबर 2017
- दीपावली अवकाश : 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2017 तक
- वार्षिकोत्सव / पुरस्कार वितरण, वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन : फरवरी द्वितीय सप्ताह 2018 तक (अधिकतम 4 दिवस)

टीप :–

(1) अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य निर्धारित मानक दिवसों से कम होने की दशा में, महाविद्यालय / विवि स्तर पर शैक्षणिक कालखण्डों की अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि कर शैक्षणिक दिवसों की पूर्ति की जाये ताकि अकादमिक कैलेण्डर का पालन समयानुसार सुनिश्चित किया जा सके।

(2) स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के अतिरिक्त अन्य सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत (2017–18) में उल्लिखित प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाये ।

(3) सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) के दिवसों में एनएसएस / एनसीसी शिविरों के आयोजन को प्राथमिकता प्रदान की जावे ताकि कार्य दिवसों का मानक लक्ष्य यथावत बना रहे। सक्षम अनुमति प्राप्त कर अकादमिक पर्यटन / ... सेमीनार / कार्यशाला / संगोष्ठी / प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसी दौरान आयोजित किये जाये ।

(4) स्नेह सम्मेलन वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक–पत्रिका का प्रकाशन तथा विमोचन फरवरी द्वितीय सप्ताह 2018 के तक कर लिया जाये ।

* महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सेमेस्टर अंतराल में आवश्यकतानुसार शिक्षकों को रोका जा सकेगा।